Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 24 अगस्त, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-24-august-2020

अर्थ ओवरशूट डे

वर्ष 2020 में **अर्थ ओवरशूट डे** 22 अगस्त को मनाया गया है। ध्यातव्य है कि प्रत्येक वर्ष जब संसार प्राकृतिक संसाधनों के इस्तेमाल के संदर्भ में पर्यावरणीय दृष्टि से ऋणात्मक स्थिति में आ जाता है, तब **'अर्थ ओवरशूट डे'** मनाया जाता है। इसका संदर्भ इस बात से है कि पर्यावरणीय दृष्टि से एवं प्राकृतिक संसाधनों की पहुँच की दृष्टि से जितनी मात्रा में मानव को इनका इस्तेमाल करना चाहिये, वस्तुतः मनुष्य उस सीमा को प्राप्त कर चुका है। इसके बाद हम जितनी मात्रा में इन संसाधनों का उपभोग करेंगे, उतना हमारे भविष्य के लिये निर्धारित वार्षिक कोटे से अतिरिक्त का उपभोग होगा। अर्थ ओवरशूट डे को निर्धारित करने का कार्य अंतर्राष्ट्रीय थिंक टैंक **ग्लोबल फुटप्रिंट नेटवर्क** से जुड़े शोधकर्त्ताओं के द्वारा किया जाता है। दिलचस्प बात यह है कि इस वर्ष यह दिन पिछले वर्ष के मुकाबले 24 दिनों की देरी से आया है। पिछले वर्ष अर्थ ओवरशूट डे 29 जुलाई को मनाया गया था। यह दुर्लभ संयोग कोरोना वायरस के कारण हुए लॉकडाउन का परिणाम है, जिससे मानवीय गतिविधियाँ सीमित हुई और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन पर रोक लगी।

गजानंद यादव

विंग कमांडर गजानंद यादव ने एयर एडवेंचर श्रेणी में **'तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार 2019'** जीता है। भारतीय वायु सेना ने ट्विटर पर एक पोस्ट के माध्यम से यह विशेष पुरस्कार जीतने के लिये यादव को बधाई दी है। गजानंद यादव पैराशूट जंप प्रशिक्षक हैं। वे भारतीय वायु सेना की स्काइडाइविंग टीम **'आकाश गंगा'** के सदस्य भी हैं। उन्होंने अब तक 2900 से अधिक बार छलांग लगाई हैं। तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कारों को साहसिक खेलों के लिये भारत का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार माना जाता है। इन पुरस्कारों को अर्जुन पुरस्कार के समकक्ष माना जाता है। साहस के क्षेत्र में लोगों की उपलब्धियों को पहचानने के लिये प्रतिवर्ष ये पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। इन पुरस्कारों को चार श्रेणियों यथा- वायु में साहस, भूमि पर साहस, जल में साहस और जीवन भर की उपलब्धि के लिये दिया जाता है। इस पुरस्कार का उद्देश्य साहसिक गतिविधियों के लिए युवा लोगों को प्रोत्साहन के तौर पर सम्मान देना है। राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा प्रस्तुत की गई सिफारिशों के आधार पर केंद्र सरकार द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।

अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना

हाल ही में, **कर्मचारी राज्य बीमा निगम** (Employee's State Insurance Corporation- ESIC) की अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना के तहत पात्रता मानदंड में छूट एवं बेरोजगारी लाभ के भुगतान में वृद्धि की गयी है। अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना, वर्ष 2018 में **कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC)** द्वारा शुरू की गयी

थी। इसका उद्देश्य उन लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, जिनकी रोज़गार के बदलते स्वरूप के कारण किसी भी वजह से नौकरी चली गयी है अथवा बेरोज़गार हो गए हैं। योजना को प्रारंभ में दो वर्ष के लिये पायलट आधार पर शुरू किया गया था। अधिकतम 90 दिनों की बेरोज़गारी के लिये, योजना के तहत भुगतान राशि को औसत मज़दूरी के 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है।